देहरादून | मंगलवार • 12.03.2024 04
www.amarujala.com/roorkee

# लविशा मिस व राहुल मिस्टर फ्रेशर बने

संवाद न्यूज एजेंसी

रुड़की। चौधरी हरचंद सिंह आत्माराम एजुकेशन ट्रस्ट क्वाड्रा इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में बीएएमएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि रुड़की नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने दीप जलाकर किया।

संस्थान प्रबंधक समिति की ओर से सचिव डॉ. रकम सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रोहित, अंशिका, प्रतिक्षा, उदित, कृष्मांश, ऐश्वर्या, आदित्य ने किया। इसके बाद छात्रों ने प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल समिति सदस्यों में शामिल डॉ. चारू शर्मा, डॉ. मयंक बिश्नोई, डॉ. विपुल सिंह ने लविशा गर्ग को मिस फ्रेशर और राहुल को मिस्टर फ्रेशर चुना।

सचिव डॉ. रकम सिंह ने छात्रों को अपने लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने एवं आयुर्वेद की उन्नति के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष अकलंक जैन, प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र शर्मा, डॉ. सौरभ कुमार चौहान, डॉ. त्रिवेणी शास्त्री, डॉ. विपुल सिंह, डॉ. हिमाद्री, नरेंद्र सिंह, संजय सैनी मौजूद थे।

8 दैनिक जागरण देहरादून/हरिद्वार, 12 मार्च, 2024

# लविशा मिस व राहुल बने मिस्टर फ्रेशर

संवाद सहयोगी, रुड़की: रुड़की स्थित चौधरी हरचंद सिंह आत्माराम एजुकेशन ट्रस्ट क्वाड्रा इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद की ओर से नव आगंतुक छात्रों के लिए स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें संस्थान के वरिष्ठ छात्रों ने बीएएमएस में प्रवेश लेने वाले छात्रों का स्वागत किया। लविशा को मिस फ्रेशर जबकि राहुल को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। मुख्य अतिथि नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से नए छात्रों को कालेज के पुराने छात्रों को जानने का मौका मिलता है। इस दौरान क्वाड्रा संस्थान के सचिव डा. रकम सिंह, प्राचार्य डा. जितेन्द्र शर्मा, डा. चारु शर्मा, डा. मयंक बिश्नोई, डा. विपुल सिंह, अकलंक जैन आदि मौजूद रहे।